**प्रेस नोट**

**दिनांक 15.08.2026**

## 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण।

आज दिनांक 15 अगस्त 2026 को 80वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर द्वारा अंबेडकर पार्क, हमीरपुर पहुँचकर भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि "डॉ. अंबेडकर ने हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता के मूल्यों पर आधारित संविधान प्रदान किया। उनके विचार हमें सदैव देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।"

कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



